# मरीजों से अच्छा व्यवहार करें स्वास्थ्यकर्मी

## कलेक्टर ने जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा




**रायसेन, 8 नवंबर. कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा शनिवार को जिला अस्पताल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया. निरीक्षण उपरांत उन्होंने जिला चिकित्सालय में आयोजित बैठक में सीएमएचओ, सिविल सर्जन, डॉक्टर्स तथा अस्पताल स्टाफ को निर्देश दिए कि अस्पताल आने वाले मरीजों को त्वरित और बेहतर उपचार मिले.**

उन्होंने कहा कि मरीजों तथा उनके परिजनों के साथ संवेदनशीलता के साथ विनम्र व्यवहार किया जाए. मरीज जब यहां से ठीक होकर जाएं तो अपने साथ अच्छा अनुभव लेकर जाएं. बैठक में हाई-रिस्क डिलीवरी, सफाई व्यवस्था, स्टाफ की कमी, मरीजों से मधुर व्यवहार और बेहतर इलाज जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई. कलेक्टर ने स्टाफ से उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने .

कलेक्टर ने सभी डॉक्टरों और स्टाफ नर्सों को मरीजों के प्रति मधुर व्यवहार रखने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों के साथ सामान्य और अच्छा बर्ताव किया जाए, ताकि वे सरकारी व्यवस्था से घबराएं नहीं, बल्कि संतुष्ट होकर लौटें. कलेक्टर ने समय पर आने-जाने के लिए भी स्टाफ को निर्देशित किया. उन्होंने व्यवहार में बदलाव लाने और मरीजों से अच्छा व्यवहार बनाए रखने के लिए कुछ मूल मंत्र भी साझा किए. बैठक के दौरान, डॉक्टरों और स्टाफ ने रायसेन जिला मुख्यालय पर रहने और उन्हें सरकारी फ्लैट उपलब्ध कराने की समस्या कलेक्टर के सामने रखी. कलेक्टर विश्वकर्मा सुबह 11:20 बजे जिला अस्पताल पहुंचे और दोपहर 12 बजे तक वहां रुके.

> कलेक्टर विश्वकर्मा ने रायसेन जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए एक विशेष अभियान भी चला रहे हैं. इसके तहत उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य कर्मियों को कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनके पोषण आहार पर ध्यान देने के निर्देश दिए हैं. जिले में स्टाफ की कमी के कारण कुछ तहसीलों और सेंटरों पर डिलीवरी पॉइंट बंद हो गए हैं, जिससे जिला अस्पताल पर प्रसव का बोझ बढ़ गया है. कलेक्टर ने सिविल सर्जन और अन्य डॉक्टरों को अनावश्यक रूप से मरीजों को जिला अस्पताल से रेफर न करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि सुनिश्चित किया जाए कि जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर ईलाज मिल सके.



# स्टेट हाइवे 15 पर बोलेरो पुल के नीचे गिरी

- ग्राम कुण्डाली और कोठरी के बीच हुआ हादसा,
- वाहन में कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं मिला

**बम्होरी, 8 नवंबर. स्टेट हाइवे 15 पर शनिवार सुबह ग्राम कुण्डाली एवं कोठरी के बीच एक बोलेरो वाहन एमपी 05 टी 0552 अनियंत्रित होकर पुल के नीचे पानी में पलट गई.**

वाहन नर्मदापुरम की बताई जा रही है, जिसकी जानकारी आरटीओ साइट से प्राप्त हुई. शनिवार सुबह सैर पर निकले ग्रामीणों ने जब पुल के नीचे वाहन देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंचे लोगों ने बताया कि बोलेरो करीब 200 मीटर दूर से मुख्य मार्ग से नीचे उतरी, रास्ते में छोटे छोटे पेड़-पौधे उखड़ते चले गए और वाहन सीधे पानी से भरे नाले में जा गिरी. वाहन के टायरों के निशान स्पष्ट रूप से घटनास्थल तक दिखाई दे रहे थे. बोलेरो का अगला हिस्सा पूरी तरह पानी में डूबा हुआ पाया गया, जबकि वाहन में कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था.

वाहन के पिछले हिस्से पर मध्य प्रदेश शासन लिखा हुआ मिला, जिससे यह शासकीय वाहन होने की आशंका जताई जा रही है. बोलेरो गाड़ी की स्थिति देखते हुए लोगों ने बताया कि गाड़ी की स्पीड बहुत ज्यादा रही होगी, जिससे गाड़ी को कंट्रोल नहीं किया जा सका. हालांकि, वाहन में किसी के न मिलने से संदेह की स्थिति बनी हुई है. पुलिस अब वाहन के स्वामित्व और संभावित कारणों की जांच में जुटी है. स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टेट हाइवे 15 पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं, क्योंकि इस मार्ग पर न तो दिशा-सूचक बोर्ड लगे हैं और न ही पुलों अथवा गति सीमा के कोई संकेतक चिन्ह मौजूद हैं.

# भगवान कृष्ण ने सत्य के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी

## बाड़ी के खेड़ापति में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

- कथावाचक बोले- हम एक अच्छे इंसान बन सकते हैं
- आरती के बाद प्रसाद का किया वितरण



**बाड़ी, 8 नवंबर. खेड़ापति बाड़ी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा और श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के द्वितीय दिवस कथावाचक प्रीतमानंद महाराज ने श्रद्धालुओं को आत्म संतुष्टि के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि आत्म संतुष्टि जीवन के रंग को बदल देती है, जब आत्मा से शरीर का रिश्ता मजबूत होता है तो ईश्वर से आस्था का रिश्ता मजबूत हो जाता है.**

हमें अपने जीवन में सच का रास्ता जीवन के हर पल पर हमें मजबूत करता है और हम जीवन के आनंद का रस ग्रहण करते हैं. भगवान श्री कृष्ण ने सत्य के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी है. श्री कृष्ण के आदर्श को ग्रहण करने से हम भगवान तो नहीं, लेकिन एक अच्छे इंसान जरूर बन सकते है. आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया.

## जाटव समाज का सम्मान समारोह आज

**भोपाल.** जाटव समाज संभागीय समिति भोपाल, मध्यप्रदेश द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को मानस भवन, पॉलिटेक्निक चौराहा, भोपाल में किया जाएगा. इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य और समाजसेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा. समिति के संभागीय अध्यक्ष नवीन जाटव ने बताया कि भोपाल संभाग के सभी पाँच जिलों के समाज बंधु, अधिकारी और कर्मचारी इस सम्मान समारोह में शामिल होंगे. जो शासकीय कार्यों में अपनी उत्कृष्ट दक्षता, निष्ठा और सेवा भावना से समाज का नाम रोशन कर रहे हैं.

# एकजुटता, संस्कारों के संरक्षण का लिया संकल्प

## सरस्वती शिशु मंदिर शालबर्रू में हुआ सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम

**सिलवानी, 8 नवंबर. आदिवासी अंचल के ग्राम शालबर्रू स्थित सरस्वती शिशु मंदिर जो कि भोजपुर ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला रायसेन द्वारा संचालित है. शनिवार को सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षिका मोनिका रघुवंशी (बीकलपुर) उपस्थित रहीं. कार्यक्रम की अध्यक्षता शीला राठौर ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में चंदा (सरस्वती शिशु मंदिर प्रतापगढ़) तथा गीता राठौर मंचासीन रहीं.

कार्यक्रम का शुभारंभ मोनिका रघुवंशी एवं गीता राठौर द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया गया. तत्पश्चात क्रांति दीदी ने अतिथियों का परिचय कराया.



अतिथियों का स्वागत संगीता खरे दीदी एवं ज्योति दीदी द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम की प्रस्तावना पूजा दीदी ने रखी.

कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर गीता राठौर ने प्रभावशाली उद्बोधन दिया. इसके पश्चात मोनिका रघुवंशी ने भी समाज में महिला सशक्तिकरण एवं संस्कार युक्त शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए.

कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट महिलाओं का सम्मान किया गया तथा संयुक्त परिवार एवं भारतीय संस्कृति पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया. सभी प्रतिभागियों ने एकजुटता एवं संस्कारों के संरक्षण का संकल्प लिया. कार्यक्रम का मंच संचालन रजनी दीदी एवं कीर्ति दीदी ने किया.



# परिवार में एकता जरूरी : पूनम

- ग्राम कुण्डाली में सप्तशक्ति संगम के तहत मातृशक्ति संगोष्ठी

**बम्होरी, 8 नवंबर. सरस्वती शिशु मंदिर, कुण्डाली द्वारा विद्या भारती मध्यभारत प्रान्त के अंतर्गत सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम के तहत मातृशक्ति संगोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य समाज की मातृशक्ति को एक मंच पर एकत्र कर स्व के बोध का जागरण करना एवं आओ सखी संवारे अपना घर विचार को पोषित करना रहा.**

इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के भैया-बहिनों ने विविध सांस्कृतिक व प्रेरणादायी प्रस्तुतियाँ दीं. ग्राम की समस्त महिलाओं ने सहभागिता की. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्मला लोधी (जनपद सदस्य, सिलवानी) ने की. मुख्य अतिथि के रूप में चन्द्रवती लोधी (आँगनवाड़ी कार्यकर्ता, कुण्डाली) उपस्थित रहीं. मुख्य वक्ता के रूप में पूनम अग्रवाल (जिला संयोजिका, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी, जिला - बरेली) रहीं, तथा सहयोगी अतिथि रचना लोधी (बम्होरी) थीं. मुख्य प्रवक्ता पूनम अग्रवाल ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण संरक्षण विषयों पर अपने सारगर्भित विचार रखे. उन्होंने कहा कि आज के समय में परिवार में एकता और संस्कारों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने सभी मातृशक्तियों से आग्रह किया कि परिवार में प्रतिदिन एक समय एक साथ भोजन करें, भजन करें और संवाद बनाए रखें.

# कुपोषण मुक्त करने पगनेश्वर में लगा शिविर

## बच्चों को वितरित किए पोषण आहार किट

**सलामतपुर, 8 नवंबर. सांची ब्लॉक अंतर्गत शनिवार को पगनेश्वर गांव में स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से कुपोषण मुक्त हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधि सरपंच सीडीपीओ, बीएमओ, सुपरवाइजर, सीएचओ, एएनएम, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे.**

शिविर में बच्चों को पोषण आहार किट प्रदान की गई एवं आगे भी सहयोग करने एवं सुपोषण मित्र के रूप में सभी अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों और सक्षम लोगों से सहयोग दिए जाने की अपील की गई. कुपोषित बच्चों को एनआरसी रायसेन भेजा गया.



बैठक में सांची सीबीएमओ डॉ रवि राठौर ने बताया कि खून की कमी वाली महिलाओं को दवाईयां दी जा रही हैं तथा खून की मध्यम कमी वाली महिलाओं को आयरन सुखरोज की बॉटल लगाई जा रही है. खून की अधिक कमी होने पर महिलाओं को डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है. ऐसी महिलाओं का डॉक्टर द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार किया जा रहा है. बैठक में बताया गया कि जिले में विगत एक सप्ताह में स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग के मैदानी अमले द्वारा किए गए डोर टू डोर सर्वे में अभी तक कई कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर रेफर किया गया है.

## कलचुरी कलार समाज का दीपावली मिलन आज

**भोपाल.** वरिष्ठ नागरिक मंच, कलार समाज मध्यप्रदेश, भोपाल के तत्वावधान में रविवार 9 नवम्बरको भगवान सहस्त्रबाहु जी के जन्मोत्सव एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा. यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक जेके अस्पताल परिसर स्थित सीएमई हॉल, कोलार रोड, भोपाल में आयोजित होगा. मीडिया प्रभारी राजेश राय व मंच के महामंत्री डी.पी. गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 2 बजे भगवान सहस्त्रबाहु जी की पूजा-अर्चना, कथा, आरती, हवन एवं प्रसाद वितरण से होगी. सहस्त्रबाहु कथा के यजमान नीता पी.डी. राय रहेंगी. शाम 4 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं दीपमालिका प्रज्वलन का आयोजन किया जाएगा.



# खाद के लिए टोकन व्यवस्था को पारदर्शी बनाए प्रशासन

- जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष ने तहसीलदार से की चर्चा

**बाड़ी, 8 नवंबर. जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष ठा. रणजीत सिंह ने खाद वितरण व्यवस्था पर कई सवाल उठाए हैं, उन्होंने प्रशासन ने खाद वितरण व्यवस्था में सुधार करने और पारदर्शिता की मांग की है. जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष सिंह ने कहा कि खाद वितरण केंद्र दलाली का अड्डा बन गया है.**

खाद के लिए किसान भटक रहे हैं. उन्होंने किसानों की समस्या को लेकर तहसीलदार से लंबी चर्चा की. उन्होंने कहा कि टोकन सिस्टम भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है. टोकन सिस्टम को सरल और पारदर्शी बनाया जाए, वर्तमान सिस्टम से किसान संतुष्ट नहीं है. इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ठा. मनीष सिंह, ताराचंद साहू, भगवानदास चौहान, रामाधार शर्मा, सुनील शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे.

# विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक से दिया यातायात नियमों के पालन का संदेश

**भोपाल, 8 नवंबर.** यातायात जागरूकता सप्ताह के दौरान, बीएसएसएस उन्नत अध्ययन संस्थान (बीएसएसएस आईएएस) ने सांस्कृतिक क्लब की पहल पर व्यापमं चौराहा और अंडरब्रिज चौराहा पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया. नुक्कड़ नाटक का विषय था- यातायात नियम केवल कानून नहीं है - वे जीवन रेखाएँ हैं! जिसने सड़क सुरक्षा और ज़िम्मेदार ड्राइविंग के महत्व पर प्रकाश डाला. छात्रों ने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने, सीटबेल्ट बाँधने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने का आग्रह किया.

इस नाटक ने शराब पीकर वाहन चलाने को भी सख्त मना किया और सभी को याद दिलाया कि सुरक्षा जागरूकता से शुरू होती है. प्रदर्शन के बाद, छात्रों ने हेलमेट न पहनने वाले वाहन चालकों को चॉकलेट बाँटे और उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग की आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया.

## एक नजर में




### भोपाल और राजस्थान टीमों का दबदबा बरकरार रहा

**भोपाल.** स्व. ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय ग्रीन पैराडाइस कप क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को भोपाल और राजस्थान टीमों का दबदबा बरकरार रहा. शनिवार को पहले लीग मुकाबले में फिज़ियो 11 इंदौर ने ग्वालियर फिज़ियो सनराइज़र्स को रोमांचक मुकाबले में 11 रनों से हराया. पहले बल्लेबाज़ी करते हुए इंदौर ने जीत 148/5 रन बनाये. विनय को मैन ऑफ द मैच चुना गया. दूसरे मैच में राजस्थान रॉयल्स रिलीफ फिज़ियोज़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ फिज़ियो जायंट्स को 4 रनों से हराया. आराध्य को मैन ऑफ द मैच चुना गया. तीसरे लीग मैच में रॉयल वर्टेक्स भोपाल ने फिज़ियो 11 इंदौर को हराया.

**सांसद खेल प्रतियोगिता** - ग्राम चिचोली में हुई खेल प्रतियोगिताएं

# रस्साकसी, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़ में बच्चों ने दिखाया दम

**सिलवानी, 8 नवंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'फिट इंडिया' और 'खेलो इंडिया' विज़न को साकार करने की दिशा में ग्राम पंचायत चिचोली ने एक सराहनीय पहल करते हुए सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत एक दिवसीय भव्य खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया. यह आयोजन पंचायत के सरपंच एवं सचिव के सक्रिय सहयोग से एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला चिचोली परिसर में संपन्न हुआ.**

कार्यक्रम में गांव के बच्चों और ग्रामीणों में खेलों के प्रति अद्भुत उत्साह देखने को मिला. महोत्सव में रस्साकसी, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़ जैसे पारंपरिक और मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया. विद्यार्थियों को स्पोर्ट्स टीचर प्रीति कुशवाहा और आरती कालोसिया के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण एवं सहभागिता का अवसर मिला.

इस अवसर पर सांसद खेल महोत्सव प्रभारी प्रदीप कुशवाहा विशेष रूप से उपस्थित रहे. उनके नेतृत्व में सिलवानी विधानसभा ने सांसद खेल महोत्सव के लिए




रिकॉर्ड 4000 रजिस्ट्रेशन करवाए, जिससे सिलवानी विधानसभा, विदिशा संसदीय क्षेत्र में तीसरे स्थान पर रही. यह उपलब्धि क्षेत्र में बढ़ती खेल भावना और जनजागरूकता का प्रतीक है.

शाला प्रभारी ने बताया कि यह आयोजन विदिशा में हुए विराट सांसद खेल महोत्सव की सफलता से प्रेरित है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में ऐसे आयोजन बच्चों के स्वस्थ मन और फिट शरीर के लिए अत्यंत आवश्यक हैं. उन्होंने आगे कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में विदिशा में हुए मुख्य महोत्सव में पूर्व क्रिकेटर कपिल देव की उपस्थिति ने सभी को प्रेरित किया था. वहीं उस आयोजन में भाग लेने वाले बच्चों को रामपाल सिंह राजपूत द्वारा संदीपनी विद्यालय, सिलवानी में सम्मानित किया गया था, जिससे बच्चों में खेलों के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ.

> शाला प्रभारी ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में जीत-हार की सच्ची भावना विकसित करते हैं और उन्हें एक अच्छा खिलाड़ी बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं. कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु ग्राम पंचायत के सहयोग के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर शाला के शिक्षकगण, पंचायत प्रतिनिधि, एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया.